रवि अग्रवाल, भा.रा.से.
अध्यक्ष, सी.बी.डी.टी.
Ravi Agrawal, I.R.S.
Chairman, CBDT

भारत सरकार
Government of India

विशेष सचिव
वित्त मंत्रालय / राजस्व विभाग
केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड
Special Secretary
Ministry of Finance / Department of Revenue
Central Board of Direct Taxes

दिनांक: 8 मार्च, 2026

प्रिय महिला सहकर्मियों,

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर, मैं आयकर विभाग की ओर से तथा अपनी ओर से विभाग की सभी महिला अधिकारियों और कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। यह दिवस हमें उस समर्पण, पेशेवर उत्कृष्टता और अमूल्य योगदान को स्वीकार करने और सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है, जिसके माध्यम से आप हमारी संस्था को सशक्त बनाती हैं।

2. वर्षों के दौरान विभाग में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है, और आज हमें गर्व है कि देशभर में 9,000 से अधिक महिला सहकर्मी विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं। चाहे वह क्षेत्रीय कार्यालय हों, अन्वेषण शाखाएँ, करदाता सेवा केंद्र, प्रशासनिक दायित्व हों या नीतिगत कार्य—आपका कार्य विभाग की कार्यकुशलता और विश्वसनीयता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

3. संगठन के विभिन्न स्तरों पर आपमें से अनेक से हुई मेरी बातचीत के दौरान मैंने आपके कार्य के प्रति दृढ़ निष्ठा, ऊर्जा, नवीन दृष्टिकोण तथा दायित्वों को सफलतापूर्वक निभाने की प्रबल भावना को अनुभव किया है। मुझे विश्वास है कि संगठन के अन्य सहकर्मी भी सहर्ष इस बात से सहमत होंगे कि ये गुण—पेशेवर उत्कृष्टता, करदाता से संबंधित कार्यों में संवेदनशीलता तथा जटिल चुनौतियों का समाधान करने की क्षमता के साथ—हमारे सामूहिक प्रयासों को सशक्त बनाते हैं और विभाग के प्रति नागरिकों के विश्वास को और मजबूत करते हैं।

4. आयकर विभाग एक गतिशील विधि का प्रशासन करता है। 1 अप्रैल 2026 से आयकर अधिनियम, 2025 के लागू होने के साथ हम एक नए चरण में प्रवेश कर रहे हैं। इससे हम सभी के लिए पेशेवर विकास, विषयगत विशेषज्ञता को और गहरा करने तथा राष्ट्र-निर्माण में अपने योगदान को सुदृढ़ करने के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे। इन परिवर्तनों के बीच, महिला सहकर्मियों की निरंतर भागीदारी और नेतृत्व हमारी सामूहिक प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा। एक संस्था के रूप में हम ऐसे कार्य परिवेश को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहाँ प्रत्येक सहकर्मी अपनी पूर्ण क्षमता के साथ योगदान दे सके और अपने पेशेवर सामर्थ्य को साकार कर सके।

5. मुझे यह भी भली-भाँति ज्ञात है कि आपमें से अनेक अपनी व्यावसायिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ अपने परिवारों में महत्वपूर्ण भूमिकाओं का भी संतुलन बनाए रखती हैं। विभाग इस समर्पण का सम्मान करता है और एक सहायक तथा संवेदनशील कार्य वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, जहाँ कार्यस्थल निष्पक्ष, सम्मानजनक और सहयोगपूर्ण हो।

6. इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, मैं आपके समर्पण और सेवाओं के लिए आपको धन्यवाद देता हूँ। आपका योगदान न केवल विभाग को सशक्त बनाता है बल्कि आपके आसपास के लोगों को भी प्रेरित करता है। मेरी शुभकामनाएँ हैं कि आने वाले वर्षों में आप इसी प्रकार आगे बढ़ती रहें, नेतृत्व करें और प्रेरणा देती रहें। ईश्वर आप पर अपनी कृपा बनाए रखें।

सादर शुभकामनाओं सहित,

8/3/26
(रवि अग्रवाल)

कमरा सं. 14026, कर्तव्य भवन -1, नई दिल्ली - 110001, Room No. 14026, Kartavya Bhawan - 1, New Delhi - 110001
Tel. : +91-11-24012220; E-mail : ravi.agrawal@gov.in / chairmancbdt@nic.in